अभ्यास प्रश्न-पत्र

विषय-हिन्दी केंद्रिक

कोड सं 302

कक्षा-बारहवीं

अवधि-3 घंटे   पूर्णांक-80

निर्देश:-

इस प्रश्नपत्र के दो खंड-'क' 'ख' हैं। दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

खंड 'क' में वस्तुपरक (बहुविकल्पीय) प्रश्न पूछे जाएँगे।

खंड 'ख' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

खंड-'क'(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक को पढ़कर को पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प उत्तर के रूप में दीजिए - 1X10=10

"विशेष ऑस्कर से सम्मानित देश के लब्धप्रतिष्ठित फिल्म-निर्देशक व्ही॰शांताराम के निर्देशन मे 1957 में बनी फिल्म 'दो आँखें बारह हाथ' जेल में सजा काट रहे कैदियों के जीवन पर आधारित फिल्म है,जिसमें 6 दुर्दांत कैदियों को सुधारने के लिए उन्हें कर्म-क्षेत्र (रोजगार) से जोड़े जाने का एक सफल प्रयोग किया गया था। इस प्रकार इस फिल्म के माध्यम से कैदियों के श्रम का सकारात्मक उपयोग करने की प्रेरणा दी गई है और वर्तमान समय में कैदियों के जीवन को सुधारने के लिए नए-नए प्रयोग भी किए जा रहे हैं। हाल ही में, तिहाड़ जेल में हुए कैंपस प्लेसमेंट में शामिल सभी 66 लोगों को विभिन्न कंपनियों ने चुन लिया। किसी भी संस्थान के लिए शत-प्रतिशत प्लेसमेंट गौरव का विषय है, किसी भी जेल के लिए तो इसका विशेष महत्व होगा। इन लोगों को बड़ी-बड़ी नौकरियों पर बड़ी-बड़ी तनख्वाहों के तहत नहीं चुना गया है। सबसे बड़ा पैकेज 4 लाख रु. सलाना या 35000 रु.महीने का है। ये सभी लोग रु8000/- से लेकर रु35000/- महीने की तनख्वाह वाली नौकरियों के लिए चुने गए हैं,लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि इन्हें नए सिरे से जिंदगी शुरू करने का मौका जेल में रहते हुए ही मिला।

आधुनिक न्याय-व्यवस्था का सिद्धांत का सिद्धांत यही है कि जेल किसी को प्रताड़ित करने या सजा देने की जगह नहीं उतनी नहीं, जितनी कि सुधारने की। सुधार के मकसद से ही कैदियों को कुछ हुनर सिखाए जाते हैं और जेल में पढाई का भी इंतजाम किया जाता है। मृत्य-दंड के खिलाफ अनेक तर्कों में से एक तर्क यह भी है कि इससे सजायाफ्ता व्यक्ति को पछतावा करने और अपने को बदलने का मौका नहीं मिलता।

लगातार अपराध करने या हत्या जैसे गंभीर अपराधों में शामिल कुछ लोगों के अलावा सभी लोगों से यह उम्मीद की जाती है कि वे जेल से बहार आकर नए सिरे से सामान्य नागरिक की तरह अपना जीवन शुरू करेंगे और समाज में विध्वंसक नहीं,रचनात्मक योगदान देंगे। जेल की समूची व्यवस्था इसी तरह बनाई गयी है,लेकिन व्यवहारिक तौर पर ऐसा पूरी तरह नहीं हो पाता। भारत जैसे देशों में

जेलों में क्षमता से ज्यादा कैदी होते हैं, जेलों के लिए बजट अपर्याप्त होता है औव॑ समाज व् सरकार के अन्य क्षेत्रों की तरह यहाँ भी भ्रष्टाचार है।

भारत में न्यायिक प्रक्रिया में बहुत देरी होती है\इसलिए ज्यादातर जेलों में सजायाफ्ता कैदियों से ज्यादा विचाराधीन कैदी होते हैं। इन तमाम दिक्कतों के बावजूद, अगर तिहाड़ का प्रबंधन कैदियों के भविष्य के लिए इतना कुछ कर पा रहा है,तो यह एक बड़ी सराहनीय उपलब्धि है। कैदियों को योग्य बनाकर रोजगार पाने में उनकी मदद करना,सिर्फ जेलों को बेहतर नहीं बनाता बल्कि हमारे समाज को भी अधिक मानवीय बनाता है।

(i) 'दो आँखें बारह हाथ' फिल्म किनके जीवन पर आधारित है?

(क) खिलाड़ियों के जीवन पर (ख) दिव्यांग जनों पर

(ग) मजदूरों के जीवन पर (घ) सजायाफ्ता कैदियों के जीवन पर

(ii) 'दो आँखें बारह हाथ' फिल्म के माध्यम से क्या प्रेरणा दी गयी है?

(क) कैदियों को योग-व्यायाम से सुधार की प्रेरणा

(ख)कैदियों को रोजगार प्रदान कर सुधार की प्रेरणा

(ग) कैदियों को कठोर दंड प्रदान कर सुधार की प्रेरणा

(घ) कैदियों को फिल्में दिखाकर सुधार की प्रेरणा

(iii) गद्यांश के अनुसार तिहाड़ जेल के लिए क्या गौरव का विषय है?

(क) जेल में फिल्म की शूटिंग होना (ख) कैदियों को समय पर भोजन देना

(ग) अधिकारियों द्वारा कठोर निगरानी (घ) शत-प्रतिशत कैम्पस प्लेसमेंट

(iv) बड़ी तनख्वाह वाली नौकरी न मिलने के बावजूद तिहाड़ जेल के कैदियों के लिए क्या महत्वपूर्ण है-

(क) कि वे रिहा हो रहे हैं (ख) कि उनके और साथी गिरफ्तार होंगें

(ग) नए सिरे से जीवन आरम्भ का मौका (घ) फिल्म की कहानी का आधार बनना

(v) आधुनिक न्याय-व्यवस्था सिद्धांत के अनुसार-

(क) कैदियों को बिना सजा के रिहा किया जाता है

(ख) कैदियों को बड़ी तनख्वाह दी जाती है

(ग) कैदियों को फिल्मों में काम करने का मौका दिया जाता है

(घ) कैदियों को पढाई एवं हुनर सिखाया जाता है

(vi) 'समाज में विध्वंसक नहीं,रचनात्मक योगदान देंगे'- वाक्य से तात्पर्य है-

(क)समाज में तोड़-फोड़ करेंगे (ख) पहले नुकसान करेंगे फिर उसे सुधारेंगे

(ग)समाज-निर्माण में सहायक होंगे (घ) घर-गृहस्थी बसाएँगे

(vii) भारत की जेलों में व्यावहारिक रूप से आदर्श जेलों वाली स्थिति क्यों नहीं बन पाती?

(क) क्षमता से अधिक कैदी (ख) अपर्याप्त बजट (ग) भ्रष्टाचार (घ) दिए गये सभी

(viii) ऑस्कर पुरस्कार प्रदान किया जाता है-

(क) सामजिक सुधार कार्यो पर (ख) फिल्मों के क्षेत्र में

(ग) सर्वोच्च बलिदान के लिए (घ) सर्वश्रेष्ठ कैदियों को

(ix) तिहाड़ जेल भारत में कहाँ स्थित है?

(क) दिल्ली में (ख) मुंबई में (ग) पटना में (घ) चंडीगढ़ में

(x) 'सराहनीय' शब्द व्याकरणिक रूप से है-

(क) संज्ञा (ख) सर्वनाम (ग) विशेषण (घ) क्रिया

अथवा

"उत्तर भारत की दूसरी भाषाओं के प्रति हिन्दी को विशालहृदया भी होना होगा। बंगाली,गुजराती,उडिया आदि के शीर्षस्थ साहित्यकारों की रचनाएँ हिन्दी पाठ्यक्रम में जोड़ी जाएँ,इससे छात्रों पर अतिशय भार न पड़ेगा। इन हिंदीतर भाषाओं के अनेक पद्यों की भाषा हिन्दी के खड़ी बोली से लगभग उतनी ही दूर है जितनी रामचरित मानस की अवधी। "वैष्णव जन तो तेने रे कहिए,जे पीड़ परायी जाणे रे" का अर्थ समझने के लिए किस हिन्दी भाषी को कुंजी उठानी होगी? संस्कृत-गर्भित होने पर यह और भी कम हो जाती है जैसा कि 'जन गण मन" और "वंदे मातरम" जैसी रचनाओं मे देखा जा सकता है। गद्य पाठन भी मुश्किल न होगा। "शांतता,कोर्ट चालू आहे" का अर्थ एक बार जान लेने के पर क्या किसी उत्तर भारतीय के लिए याद रखना कठिन है?

उत्तर भारत की भाषाओं के सामीप्य के कई उदाहरण दिये जा सकते हैं-मीराबाई के भजन हिन्दी में जितने लोकप्रिय हैं उतने ही गुजराती में। बिहार के विद्यापति को हिन्दी और बंगाली भाषी दोनों ही अपना मानते हैं। पंजाबी के 'गुरु ग्रंथ साहिब' में मराठी कवि 'नामदेव' के अनेक पद हैं। (यह भी कि नानक देव के अधिकांश दोहों की भाषा ऐसी है कि यदि वे गुरुमुखी में लिखे जाएँ तो पंजाबी के कहलाएँगे और देवनागरी में लिखे जाएँ तो हिन्दी)

उत्तर भारतीय भाषाओं के पाठ्यक्रम में दूसरी सहोदरी भाषाओं की श्रेष्ठ रचनाओं को समाहित कर लेने से छात्र स्वयं इस भाषायी-निकटता से अवगत होंगे। हमारी सांस्कृतिक धरोहर में भिन्न क्षेत्रों के साहित्य का जो योगदान है उससे उनका परिचय होगा। भाषायी-सौहार्द तो बढ़ेगा ही।

यों देश में आज भी दूसरी भाषाओं की कुछेक रचनाएँ पढ़ाई जातीं हैं पर अङ्ग्रेज़ी के माध्यम से। इस पर कुछ कहने से पहले हम 'अँग्रेजी की महत्ता' के बड़े विषय को लें।

निःसन्देह वैज्ञानिक,प्रौद्योगिकी,व्यावसायिक आदि क्षेत्रों में नई खोजों,नए विचारों की भाषा प्रायः अँग्रेजी होती है। सबसे उन्नत देश अमेरिका की भाषा अँग्रेजी है। ज्ञान-विज्ञान की जितनी पुस्तकें,पत्रिकाएँ अँग्रेजी में उपलब्ध हैं उतनी किसी और भाषा में नहीं।

पर क्या इस ज्ञान को आत्मसात करने के लिए हम अपनी भाषा छोडकर अँग्रेजी भाषा को अंगीकार करें?भारत में आज ऐसा ही हो रहा है। अंग्रेजों के जाते समय अँग्रेजी भाषा की जितनी महत्ता थी,उससे अधिक आज है। क्या हमारा यह अँग्रेजी अनुराग हमारे देश के उत्थान में सहायक हुआ है अथवा इस विदेशी भाषा पर अधिकार करने के अर्धसफल या असफल प्रयास में हम पीढ़ी दर पीढ़ी अपार समय और ऊर्जा गँवा रहे हैं?"

(i) हिन्दी को विशालहृदया होने के लिए क्या करना होगा?

(क) साहित्यकारों को पुरस्कृत करना होगा (ख) अन्य भाषाओं को पठन-पाठन मे शामिल करना होगा

(ग)छात्रों पर पढ़ने का भार बढ़ाना होगा (घ)पाठ्यक्रम घटाना होगा

(ii) हिन्दी के पाठ्यक्रम मे बंगाली,गुजराती,उडिया आदि के साहित्य को पढ़ने से छात्रों को क्या ज्ञात

होगा?

(क) भाषायी-कटुता (ख) भाषायी-श्रेष्ठता (ग) भाषायी-निकटता (घ) भाषायी-संकुचन

(iii) मीराबाई के भजन हिन्दी के अतिरिक्त और किस भाषा में समान रूप से लोकप्रिय हैं?

(क) पंजाबी में (ख) अवधी में (ग) बंगाली में (घ) गुजराती में

(iv) "गुरुमुखी" किस भाषा की लिपि है?

(क) हिन्दी की (ख) पंजाबी की (ग) बंगाली की (घ) गुजराती की

(v) 'गुरु ग्रंथ साहिब' में नानक देव के अतिरिक्त और किस भक्त-कवि के अनेक पद हैं?

(क) तुलसीदास (ख) सूरदास (ग) नामदेव (घ) चैतन्य महाप्रभु

(vi)अँग्रेजी भाषा के लिए निःसन्देह क्या कहा जा सकता है?

(क) नई खोजों,नए विचारों की भाषा (ख)पुस्तकों-पत्रिकाओं की व्यापक उपलब्धता

(ग) कुछ देशों की भाषा (घ) 'क' और 'ख' दोनों

(vii) देश में दूसरी भाषाओं को पढ़ने का जरिया क्या है?

(क) अँग्रेजी माध्यम (ख) जर्मन माध्यम (ग) संस्कृत माध्यम (घ) उर्दू /अरबी माध्यम

(viii) अँग्रेजी भाषा पर अधिकार जमाने के प्रयासों से हमारी क्या क्षति हो रही है?

(क)धन-संपत्ति की (ख)जमीन-जायदाद की (ग) रूप-सौंदर्य की (घ) समय-ऊर्जा की

(ix) 'जन गण मन" और "वंदे मातरम" किस भाषा की रचना है?

(क) बंगाली (ख) उडिया (ग) हिन्दी (घ) संस्कृत

(x) 'भाषायी-सौहार्द' से क्या तात्पर्य है?

(क) भाषा की क्लिष्टता (ख) भाषा की भिन्नता

(ग) भाषाओं की आपसी मैत्री (घ)भाषा का राजनीतिकरण

2.निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -1X5=5

"वह उठी आंधी की नभ में
छा गया सहसा अँधेरा,
धूलि धूसर बादलों ने
भूमि को इस भाँति घेरा,

रात-सा दिन हो गया,फिर
रात आई और काली,
लग रहा था अब न होगा
इस निशा का फिर सवेरा,

रात के उत्पात भय से
भीत जन-जन,भीत कण-कण
किन्तु प्राची से उषा की
मोहिनी मुसकान फिर-फिर!

नीड़ का निर्माण फिर-फिर,
नेह का आह्वान फिर-फिर!

वह चले झोंके कि काँपे
भीम कायावान भूधर,
जड़ समेत उखड-पुखड कर
गिर पड़े,टूटे विटप-वर

हाय,तिनकों से विनिर्मित
घोंसलों पर क्या न बीती,
डगमगाए जबकि कंकड़,
ईंट,पत्थर के महल-घर;

बोल आशा के विहंगम
किस जगह पर तू छिपा था,
जो गगन पर चढ़ उठाता
गर्व से निज तान फिर-फिर!

नीड़ का निर्माण फिर-फिर,
नेह का आह्वान फिर-फिर!

क्रुद्ध नभ के वज्र दंतों
में उषा है मुसकराती,
घोर गर्जनमय गगन के
कंठ में खग पंक्ति गाती;

एक चिड़िया चोंच में तिनका
लिए जो जा रही है,
वह सहज में पवन
उनचास को नीचा दिखाती!

नाश के दुःख से कभी
दबता नहीं निर्माण का सुख
प्रलय की निस्तब्धता से
सृष्टि का निर्माण फिर-फिर!

नीड़ का निर्माण फिर-फिर,
नेह का आह्वान फिर-फिर!

(i) आरंभिक पंक्तियों में वर्णित दिन और रात के द्वारा कवि किस मानसिक स्थिति को व्यंजित कर रहा है?

(क) प्राकृतिक सौन्दर्य का आनंद (ख) विपरीत परिस्थिति और भय

(ग) वायु प्रदूषण पर दुःख (घ) समय की गति का अवलोकन

(ii) मोहिनीं मुसकान के साथ कौन प्रकट हो रहा है?

(क) बेटियाँ (ख) माँ (ग) पत्नी (घ) सूर्य

(iii) आँधी के झोकों ने किन्हें कंपाया और अस्तित्वहीन किया?

(क) विशाल पर्वत (ख) बड़े-बड़े वृक्ष (ग) ऊंचे महल (घ) दिए गए तीनों

(iv) चिड़िया किसका प्रतीक है?

(क) साहस (ख) साहस-जनित आशा (ग) भयाकुल ह्रदय (घ) सामान्य जीवन

(v) कविता का केन्द्रीय भाव है-

(क) सशंकित मनुष्य (ख) अपराजेय जिजीविषा

(ग) मनोरंजक प्रकृति (घ) भौगोलिक विविधता

अथवा

" मैं बढ़ा ही जा रहा हूँ, पर तुम्हें भूला नहीं हूँ।
चल रहा हूँ, क्योंकि चलने से थकावट दूर होती
जल रहा हूँ, क्योकि जलने से तमिस्त्रा चूर होती
गल रहा हूँ क्योंकि हल्का बोझ हो जाता ह्रदय का
ढल रहा हूँ क्योंकि ढलकर साथ पा जाता समय का।
चाहता तो था कि रुक लूँ पार्श्व में क्षण-भर तुम्हारे
किन्तु अगणित स्वर बुलाते हैं मुझे बाँहें पसारे
अनसुनी करना उन्हें भारी प्रवंचना कापुरुषता
मुँह दिखने योग्य रक्खेगी ना मुझको स्वार्थपरता।
इसलिए ही आज युग की देहली को लांघ कर मैं-
पथ नया अपना रहा हूँ
पर तुम्हें भूला नहीं हूँ।
ज्ञात है कब तक टिकेगी यह घडी भी संक्रमण की
और जीवन में अमर है भूख तन की,भूख मन की
विश्व-व्यापक वेदना केवल कहानी ही नहीं है
एक जलता सत्य केवल आँख का पानी नहीं है।
शांति कैसी छा रही वातावरण में जब उदासी
तृप्ति कैसी,रो रही सारी धरा ही आज प्यासी

ध्यान तक विश्राम का,पथ पर महान अनर्थ होगा
ऋण न युग का दे सका तो जन्म लेना व्यर्थ होगा।
इसलिए ही आज युग की आग अपने राग में भर-
गीत नूतन गा रहा हूँ
पर तुम्हें भूला नहीं हूँ।
सोचता हूँ आदिकवि क्या दे गए हैं हमें थाती
क्रोंचिनी की वेदना से फट गई थी आज छाती
जबकि पक्षी की व्यथा से आदिकवि का व्यथित अन्तर
प्रेरणा कैसे न दे कवि को मनुज का कंकाल जर्जर।
अन्य मानव और कवि में है बड़ा ना कोई अंतर
मात्र मुखरित कर सके, मन की व्यथा,अनुभूति के स्वर
वेदना असहाय हृदयों में उमड़ती जो निरंतर
कवि न यदि कह दे उसे, तो व्यर्थ वाणी का मिला वर
इसलिए ही मूक हृदयों में घुमड़ती विवशता को-
मैं सुनाता जा रहा हूँ
पर तुम्हें भूला नही हूँ। ”

(i) ‘पर तुम्हे भूला नहीं हूँ’ से कवि क्या अभिव्यक्त करना चाह रहा है?
(क) विवशता (ख) आश्वासन (ग) संघर्ष (घ) यातना

(ii) लोगों की पुकार को अनसुनी करने को कवि क्या मानता है?
(क) कायरता (ख) धोखा (ग) स्वार्थपरता (घ) दिए गए तीनों

(iii) किसका ऋण न चुकाने पर कवि अपना जीवन व्यर्थ मानता है?
(क) साहित्य का (ख) ईश्वरीय वरदान
(ग) प्रगतिगामी युग का (घ) मित्रों के स्नेह का

(iv) प्रगतिवादी कवि को मार्ग में किसका ध्यान करना भी अनर्थ होगा?
(क) परिवार का (ख) प्रकृति का (ग) कष्टों का (घ) विश्राम का

(v) कवि और अन्य मानवों में क्या मात्र अंतर है?
(क) वेश-भूषा का (ख) वेदना-व्यथा-अनुभूति की अभिव्यक्ति का
(ग) शारीरिक संरचना का (घ) मिलने वाले पुरस्कारों का

3.’अभिव्यक्ति और माध्यम’ पुस्तक से निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों से सही विकल्प लिखिए- 1X5=5

(i) जनसंचार के ‘मुद्रित माध्यम’ से तात्पर्य है-
(अ) सिनेमा (ब) छपाई का माध्यम (स) टेलीविजन (द) इंटर्नेट

(ii) किसी समाचार के,सबसे महत्वपूर्ण तथ्यों के लिए बने पैराग्राफ को क्या कहते हैं -
(अ) हेड
(ब) बॉडी
(स) इंट्रो या मुखड़ा

(द) शीर्षक

(iii) 'खोजपरक पत्रकारिता' किसे कहेंगे?

(अ) दूसरे देशों की जासूसी के लिए पत्रकारिता

(ब) तत्काल बताई जाने वाली खबर की लिए पत्रकारिता

(स) दबाये या छुपाये गये तथ्यों को उजागर करने की पत्रकारिता

(द) विलुप्त हो रहे जानवरों के लिए पत्रकारिता

(iv) 'एंकर-बाईट' से तात्पर्य है -

(अ) सूचना के साथ प्रत्यक्षदर्शियों का कथन (ब) समाचारों के बीच में विज्ञापन

(स) हिंदी-अंग्रेजी मिश्रित समाचार (द) एंकर की व्यावसायिक योग्यता

(v) संवाददाता का कार्य होता है -

(अ) समाचार में अशुद्धि खोजना (ब) समाचारों को संकलित करना

(स) संपादक को सुझाव देना (द) संवाद-शैली में बात करना

4.'आरोह-भाग 2' से निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प लिखिए- 1X5=5

'सुत बित नारि भवन परिवारा । होहिं जाहिं जग बारहिं बारा । ।
अस बिचारि जियँ जागहु ताता । मिलई न जगत सहोदर भ्राता। ।
जथा पंख बिनु खग अति दीना। मनि बिनु फनि करिबर कर हीना। ।
अस मम जिवन बंधु बिनु तोही। जौं जड़ दैव जियावै मोही। ।
जैहऊं अवध कवन मुँहु लाई । नारि हेतु प्रिय भाइ गँवाई। ।

(i) भाई के वियोग में राम ने किनको हीन माना है?

(अ) पुत्र एवं पत्नी (ब) धन-संपत्ति (स) परिवार (द) तीनों को

(ii) भ्रातृ-प्रेम में व्याकुल राम ने किसके खो जाने पर पुनः न मिलने का दुःख व्यक्त किया है?

(अ) मित्र (ब) भाई (स) भवन (द) राजगद्दी

(iii) लक्ष्मण के बिना राम ने अपने जीवन की तुलना किसके समान की है?

(अ) बिना पंख के पक्षी के समान (ब) मणि के बिना सर्प के समान

(स) सूंढ़ के बिना हाथी के समान (द) 'अ' 'ब' 'स' तीनों

(iv) राम को अपने ऊपर किस आरोप के मढ़े जाने का खेद रहेगा?

(अ) राक्षसों को मारने का (ब) पत्नी की रक्षा न कर पाने का

(स) पत्नी के लिए भाई को गँवा देने का (द) जूठे बेर खाने का

(v) काव्यांश किस भाषा में रचा गया है?

(अ) संस्कृत (ब) ब्रज भाषा (स) अवधी (द) खड़ी बोली हिंदी

5.'आरोह-भाग 2' से निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प लिखिए- 1X5=5

'उछलते-कूदते, एक-दूसरे को धकियाते ये लोग गली में किसी दुमहले मकान के सामने रूक जाते, "पानी दे मैया,इन्दर सेना आई है। " और जिन घरों में आखिर जेठ या शुरू आषाढ़ के उन सूखे दिनों

में पानी की कमी भी होती थी,जिन घरों के कुँए भी सूखे होते थे,उन घरों से सहेजकर रखे हुए पानी से बाल्टी या घड़े भर-भर कर इन बच्चों को सर से पैर तक तर कर दिया जाता था,ये भीगे बदन मिट्टी में लोट लगाते थे, पानी फेंकने से पैदा हुए कीचड़ में लथपथ हो जाते थे, हाथ,पाँव,बदन,मुँह,पेट; सब पर गन्दा कीचड़ मलकर फिर हाँक लगाते हैं "बोल गंगा मैया की जय" और फिर मंडली बाँधकर उछलते-कूदते अगले घर की ओर चल पड़ते, बादलों को टेरते,'काले मेघा पानी दे। '

(i) इन्दर सेना किस प्रकार आकर मकानों के सामने रूकती थी-

(अ) उछलते-कूदते, एक-दूसरे को धकियाते (ब) वाद्य-यंत्रों के साथ नाचते-गाते

(स) खेल के सामानों के साथ खेलते हुए (द) गली में ऊँची आवाज में गीत गाते

(ii) गद्यांश में किस महीने में पानी के कमी का जिक्र हुआ है?

(अ) चैत्र माह (ब) आखिर जेठ (स) आषाढ़ का आरम्भ (द)'ब' एवं 'स' दोनों

(iii) इन्दर सेना की पानी की मांग को किस प्रकार पूरा किया जाता था -

(अ) भरपूर जलपान करा कर (ब) बाल्टी या घड़े भर-भरकर फेंका जाता था

(स) तालाब,पोखर का रास्ता दिखाकर (द) गंगा जल से स्नान कराकर

(iv) पानी से पूरे शरीर को तर हो जाने का बाद इन्दरसेना क्या टोटका करती थी?

(अ) मिटटी में लोट लगाते थे

(ब) कीचड़ में लथपथ हो जाते थे

(स) आखीर में 'गंगा मैया की जय' की हाँक लगाते थे

(द) 'अ','ब', 'स' तीनों

(v) पानी की कमी रहने के बावजूद ग्रामीणों का इन्दर सेना पर पानी फेंकना किसका द्योतक है?

(अ) अंध श्रद्धा का (ब) लोक-आस्था का (स) आदेश पालना का (द) मूर्खता का

6.'वितान' पुस्तक से निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प लिखिए- 1X10

(i) यशोधर बाबू की पत्नी समय के साथ क्यों सामंजस्य बैठा लेती हैं?

(अ) उन्हें जीवन में प्रगति करनी थी (ब) मूल संस्कार आधुनिकाओं के थे

(स)बच्चों की तरफदारी और मातृसुलभ मजबूरी (द) सहेलियों की जिद के कारण

(ii) 'समहाउ इम्प्रापर' वाक्यांश क्या अभिव्यक्त करता है?

(अ) यशोधर पन्त के सिद्धांतवादी व्यक्तित्व को (ब) परिवर्तन को अनुचित बताना

(स) अनुचित के नकार को (द) 'अ' 'ब' 'स' तीनो

(iii)'जूझ' कहानी में लेखक के संघर्ष में कौन सहयोगी नहीं था-

(अ) मराठी भाषा के शिक्षक (ब) मंत्री नामक अध्यापक

(स)पिता (द) 'अ' और 'ब' दोनों

(iv) "जूझ" कहानी के लेखक की पढ़ाई न कर पाने की कसक को किसने समझा-

(अ) मित्र वसंत पाटील ने (ब) खेत में साथ काम करने वाले मित्र ने

(स) माँ ने (द)सौदलन्गेकर शिक्षक ने

(v) 'अतीत में दबे पाँव' का लेखक किस आधार पर सिन्धु-घाटी सभ्यता को जल-संस्कृति कहता है?

(अ) सिन्धु नदी का तटीय नगर (ब) घरों में मौजूद कुँए और स्नानागार

(स) जल-निकासी की उत्कृष्ट व्यवस्था (द) 'अ' 'ब' 'स' तीनो

(vi) मुअन्जोदारो की खुदाई में किसी हथियार का न मिलना किस बात का द्योतक है-

(अ) लोग कायर थे (ब)राजा या राजतन्त्र नही था

(स) समाज-अनुशासित उच्च सभ्यता थी (द) 'ब' और 'स' दोनों

(vii) यशोधर बाबू के मानसिक द्वन्द्व के प्रति क्या प्रतिक्रया होनी चाहिए-

(अ) क्रोधित होने की (ब) सहानुभूति की (स) उपेक्षा की (द)कानूनी कार्यवाही की

(viii) ऐन के डायरी लिखने का क्या कारण हो सकता है-

(अ) किशोर मन की जिज्ञासाएं (ब)आसपास के लोंगों की नुक्ता-चीनी

(स) अनुभवों को साझा करने के लिए (द) दिए गये तीनों

(ix) ऐन की डायरी विश्व इतिहास के किस घटना के समय की है?

(अ) प्रथम विश्व-युद्ध (ब) अमेरिका की खोज

(स) द्वीतीय विश्व-युद्ध (द) भारत-पाक विभाजन

(x) यहूदियों की अलग पहचान के लिए क्या पहनना आवश्यक था-

(अ) पीले रंग का कपड़ा (ब) गले में पीला सितारा

(स) सर पर पीली टोपी (द) पैरों में घुँघरू

खंड-'ख'(वर्णात्मक)

7.निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए 5

(क) मास्क पहने चेहरे

(ख) रियलिटी शो

(ग) सोशल मीडिया के मंच

8. आपके नगर के अस्पताल में पाँच चिकित्सकों के स्थान पर एक ही चिकित्सक कार्यरत है रोगियों को होने वाली असुविधाओं की जानकारी देते हुए चिकित्सा विभाग के सचिव को पत्र लिखिए।

अथवा 5

समाचार चैनलों पर होने वाली राजनैतिक बहसों में अभद्र भाषा, कटु टिप्पणियों तथा व्यक्तिगत गाली-गलौज पर नाराजगी प्रकट करते हुए किसी समाचार-पत्र के सम्पादक को पत्र लिखिए।

9 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

क. कहानी को रोचक बनाने में 'पात्रों के संवाद' की भूमिका का उल्लेख कीजिए । 3

अथवा

कविता के कोई दो घटक लिखिए।

ख. नाटकों में 'समय का बंधन' क्यों महत्वपूर्ण है। 2

अथवा

कहानी में संवाद की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

क समाचार लेखन में कितने और कौन-से सवालों के जवाब देने की आवश्यकता होती है? 3

अथवा

आलेख किसे कहते हैं और इसे किन विषयों पर लिखा जा सकता है?

ख. फ़ीचर किसे कहते हैं? 2

अथवा

समाचार लेखन की उल्टा पिरामिड शैली किसे कहते हैं?

11.'आरोह भाग-2' से निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में दीजिए -2X3=6

(क) 'सहर्ष स्वीकारा है' कविता का कवि जिसे स्वीकारता है उसीको आगे चल कर क्यों भुला देना चाहता है?

(ख) तुलसी ने पेट की आग को समुद्र की आग से भी भयंकर क्यों कहा है?

(ग) फिराक गोरखपुरी ने अपनी ग़ज़ल में अपने लेखन की किस विशेषता को व्यक्त किया है?

12.'आरोह भाग-2' से निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में दीजिए -2X2=4

(क) 'दिन जल्दी जल्दी ढलता है' कविता के आधार पर बताइए कि कवि के क़दमों में शिथिलता का क्या कारण है?

(ख) कविता एक खेल है बच्चों के बहाने- पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए?

(ग) 'उषा' कविता में भोर के नभ को 'राख से लीपा हुआ चौका' क्यों कहा गया है?

13.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो का उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए- 3X2=6

(क) 'बाज़ार दर्शन' पाठ के आधार पर बताइए कि किस प्रकार के व्यक्ति बाज़ार को सार्थकता प्रदान करते हैं?

(ख) 'पहलवान की ढोलक' कहानी के आधार पर बताइए कि लुट्टन की ज़िंदगी में कहानी के किस-किस मोड़ पर क्या-क्या परिवर्तन आए?

(ग) सफिया के भाई ने नमक की पुड़िया ले जाने से सफिया को क्यों मना किया?

14.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में दीजिए - 2X2=4

(क) भक्तिन के आ जाने से महादेवी अधिक देहाती कैसे हो गई?

(ख) जीजी ने इन्दर सेना पर पानी फेंके जाने को सही किस प्रकार ठहराया?

(ग) डॉ.अम्बेडकर के अनुसार अधिकतम कार्यकुशलता किस प्रकार पैदा की जा सकती है?